पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-18 मंगलवार, दिनांक-07 अप्रील, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.17 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-'ख' 21 के उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा इस प्रश्न को जाँच हेतु प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किया गया ।

(ii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 53 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

कार्यस्थगन की सूचना अन्तर्गत मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री प्रेम कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन को सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i)	श्री प्रदीप कुमार	(ii)	श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iii)	श्री ललन राम	(iv)	श्री प्रेम कुमार
(v)	डा० इजहार अहमद	(vi)	श्री विजय कुमार सिन्हा

[4] अन्य चर्चा :-

मा० नेता, विरोधी दल, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा धान क्रय में अनियमितता, बहादुरपुर, पटना में टाईम बम मिलने एवं अन्य विषय पर सरकार से वक्तव्य की मांग की गयी ।

मा० प्रभारी मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कहा गया कि सरकार वक्तव्य के लिए हमेशा तैयार है ।

तदोपरांत आसन से घोषणा की गयी कि सदन के प्रथम पाली के स्थगनोपरांत उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) मा० प्रभारी मंत्री, वित्त, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष का सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्र पर प्रतिवेदन की प्रति को सभा पटल पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) मा० प्रभारी मंत्री, वित्त, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष का सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) मा० प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विधान मंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) अधिनियम, 2006 की धारा-8(3) के तहत संसदीय कार्य विभाग का अधिसूचना संख्या-1090, दिनांक-21.08.2013, अधिसूचना संख्या-625, दिनांक-11.06.2014 एवं अधिसूचना संख्या-808, दिनांक-07.08.2014 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[6] <u>याचिकाओं का उपस्थापन</u> :-

प्रभारी सचिव द्वारा कुल-41 याचिकाओं को सदन पटल पर रखा गया ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

(इस अवसर पर मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य डा० अच्युतानंद द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की माँग पर विचार विमर्श हेतु कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा अपना पक्ष रखा ।

वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती उषा सिन्हा

(इस अवसर पर मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(iii) श्री अब्दुल गफूर
(iv) श्री सुरेन्द्र मेहता
(v) डा० इजहार अहमद
(vi) श्री अवधेश कुमार राय
(vii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(viii) श्रीमती सुनीता देवी
(ix) श्री मो० जावेद
(x) श्री जनक सिंह

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री कृष्णनन्दन यादव

मा० प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

''उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।''

तदोपरांत सदन द्वारा मा० सदस्य डा० अच्युतानन्द का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 06 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

[9] <u>शोक प्रकाश</u> :-

(विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण पुनः सदन में आ गए)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने श्री राम स्वार्थ राय, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यगण ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक- 08 अप्रील, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई।

पटना

दिनांक-07 अप्रील, 2015

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना।